



# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख पर्वत



संकलन: मिशन शिक्षण संवाद

## काव्य मंजरी

शैक्षिक कविताओं का संकलन

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व के प्रमुख पर्वत

**01**

## पर्वतराज हिमालय

हिमालय प्राचीन पर्वत-श्रंखला,
भारत के उत्तर में स्थित है।
"पर्वतराज" कहते इसको,
शिवालिक भी इसकी पर्वत-श्रंखला विस्तृत है।।



यह आध्यात्म चेतना का ध्रुव-केन्द्र है,
सर्वोच्च शिखर "माउन्ट एवरेस्ट" है।
प्राकृतिक सुन्दरता व जीवन औषधियाँ यहाँ।
सौ सर्वोच्च शिखरों में अनेक चोटियाँ यहाँ।।

हिमालय पर बहुत ही महत्वपूर्ण,
धार्मिक स्थल भी पाए जाते।
जिनमें गोमुख, बद्रीनाथ, केदारनाथ,
देवप्रयाग, हरिद्वार व ऋषिकेश आते।।

कैलाश, मानसरोवर पावन धाम,
अमरनाथ, शाकुम्भरी प्रमुख हैं।
तपोभूमि मुनियों की गीता में वर्णित,
प्राकृतिक छटा यहाँ की देती सुख है।।




रचना- नैमिष शर्मा (स०अ०)
संवि० पूर्व मा० विद्यालय- तेहरा
विकास खण्ड व जनपद- मथुरा

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख पर्वत

## 02

## आल्प्स पर्वत



आल्प्स पर्वत मध्य यूरोप की,
सबसे बड़ी पर्वतमाला है।
पश्चिम में जेनोआ की खाड़ी से,
पूर्व में वियना तक फैला है।।

उत्तर की ओर पर्वत श्रंखला उत्तल सी,
गहरी घाटियाँ श्रंखला को काटती हैं।
आवागमन को सम्भव हैं करतीं,
आठ यूरोपीय देशों से निकलती हैं।।

इस पर्वत की सबसे ऊँची चोटी,
माउंट ब्लेंक फ्रान्सीसी सीमा तक फैली है,
यूरोप में जलवायु को प्रभावित करती,
बहुत ही भिन्न वर्षा स्तर की शैली है।।

आल्प्स पर्वत विशाल भंजित क्षेत्र का,
भाग जो वक्राकार क्रम में फैला है।
जो मोरक्को केरिफ-पर्वत से आरम्भ होकर,
हिमालय पर्वत तक आकर मिला है।।



रचना- जितेन्द्र कुमार (स०अ०)
प्रा० वि० धनौरा सिल्वर नगर-1
बागपत, बागपत





# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पर्वत

## 03

## रॉकी पर्वत



रॉकी या रॉकिज़ के नाम से,
दुनिया में  जाना जाता है।
14431 फुट ऊँचाई,
इसकी ऐसा माना जाता है।।

उत्तरी रॉकिज़ कैनाडा,
की सीमा पर स्थित है।
इसका विस्तार बीच में,
थोड़ा सा खण्डित है।।

अमेरीका की जलवायु को,
रॉकिज़ प्रभावित करते हैं।
वहाँ से चलने वाली पछुवा,
हवा को रोका करते हैं।।

सोना, चाँदी, तांबा, और,
अन्य धातुओं के आगार है।
हिमनद से ढके रहते,
बर्फ करती इसका श्रृंगार है।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
पू० मा० वि० भौंरी- 1
मानिकपुर, चित्रकूट






# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पर्वत

04

## एटलस पर्वत

आओ बच्चों! चलें,
पर्वतों की दुनिया में।
एटलस पर्वत भी है,
एक बड़ा पर्वत दुनिया में।।



पश्चिमोत्तर अफ्रीका में,
यह पर्वत स्थित है।
सबसे ऊँचा पहाड़ इसका,
मोरक्को में अवस्थित है।।

2500 किलोमीटर लम्बी,
है यह पर्वत श्रंखला।
इसमें तूबकाल पर्वत,
सबसे ऊँचा है निकला।।




इस पर्वत को हम अतलास,
पर्वत भी कहते हैं।
बन्दर-भालू और अनेकों,
जानवर इसमें रहते हैं।।



रचना- पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर
ब्लॉक धनीपुर
जनपद अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद

## विश्व के प्रमुख पर्वत



**05**

# कासकेड पर्वत

उत्तरी अमेरिका में है,
यह अनोखी पर्वत श्रेणी।
रॉकी पर्वत के बीच,
बसती कासकेड पर्वत श्रेणी।।



इस पर्वत के दक्षिण में,
सियरा नेवादा पर्वत फैला।
अधिकांश भाग इसका,
कैलिफोर्निया में है फैला।।

सबसे ऊँची चोटी इसकी,
माउंट रेनियर है होती।
पश्चिम भाग छूता प्रशांत को,
उत्तरी छोर कनाडा को छूती।।

रचना-
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्रा० वि० मणिपुर
ऐरायां, फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व के प्रमुख पर्वत

06

# नीलगिरी पर्वत



भारत के दक्षिण भाग में स्थित,
दक्कन का पठार सुशोभित,
पर्वत श्रृंखला नीलगिरी सुंदर,
तमिलनाडु प्रदेश के अंदर ।

डोडाबेटा चोटी है उच्चतम,
पश्चिमी घाट का भाग अनुपम,
ऊंटी मुख्य पर्यटन स्थल,
टोडा जनजाति निवास स्थल।

२४ पहाड़ियों का समूह यह,
चाय कॉफी है प्रमुख कृषि,
सिनकोना के वृक्षों से भरी,
नीले पहाड़ों का घर नीलगिरी।


रचना-
सीमा मिश्रा (स०अ०)
कंपोजिट विद्यालय काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर




शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व के प्रमुख पर्वत

07

# विन्ध्याचल पर्वत

भारत के पश्चिम में स्थित,
श्रृंखला गोलाकार।
उत्तरी और दक्षिणी भारत,
में इनका विस्तार।।



एक हजार छियासी किलोमीटर,
फैले पर्वत हैं सुहाए।
सिन्ध, बेतवा, केन, पार्वती,
तमसा नदी लहराए।।

सप्तकुल पर्वतों में शामिल है,
नाम विन्ध्याचल कहते।
विन्ध्यवासिनी माता का,
पूजन हैं सब मिल करते।।

छत्तीसगढ़, गुजरात हैं स्थित,
यू०पी०, मध्य-प्रदेश, बिहार।
अरावली, सतपुड़ा पहाड़ियों में,
बसता वन्य जीव संसार।।




रचना
शिखा वर्मा (स०अ०)
पू० मा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व के प्रमुख पर्वत

08

## कंचनजंगा पर्वत

विश्व का तीसरा सर्वोच्च पर्वत शिखर,
है कंचनजंगा पर्वत शिखर।
तिब्बत और भारत की जल विभाजक रेखा के,
दक्षिण में स्थित है यह शिखर।।



तिब्बत में कहते कोंगुलोचु,
समुद्र तल से ऊँचाई 8586 मीटर।
पौराणिक कथाओं में महत्त्व इसका,
धार्मिक अनुष्ठानों का है शिखर।।

हिमालय का पर्वत शिखर विशेष,
एवरेस्ट के बाद है सर्वश्रेष्ठ।
उत्तरी ढाल से नदियाँ हैं गिरती,
भारत के मैदानी भाग है सिंचित।।



रचना-
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा०वि०टिकरी मनौटी
खजुहा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान





# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पर्वत

## 09

## ड्रकेन्सबर्ग पर्वत




अफ्रीका महाद्वीप में स्थित,
नाम उसका ड्रैकेन्सबर्ग पर्वत ।
कहते इसको 'क्वाथालम्बा',
समुद्र तट पर खड़ा है पर्वत ।।

कुछ आकृति चबूतरे जैसी,
कहलाते हैं ये कारू ।
दक्षिणी चबूतरा लघु कारू,
उत्तरी कहलाता महान कारू।।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी तट पर,
फैला लेसोथो से पूर्वी केप तक।
लिम्पोपो नदी निकलती इससे,
घिरा हिन्द और कालाहारी से।।




रचना-
उषा देवी (इ०प्र०अ०)
प्राथमिक विद्यालय तलकापुर
हथगाम, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान





# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पर्वत

## 10

## यूराल पर्वत

एशिया-यूरोप महाद्वीप को करता अलग है।
उत्तर से दक्षिण तक इसका फैला भाग है।।

यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊँची पर्वत श्रृंखला है।
दक्षिण भाग जिसका ऊँचा और विशाल है।।



उत्तरी यूराल में घने जंगल हैं जिसके।
युंग-तुम्प ऊँचा शिखर स्थित है जिसके।।

मध्य यूराल की खानें धातु लोहे, सोने की।
बसती ग्रामीण बस्ती यूरोप महाद्वीप की।।

दक्षिण यूराल में मिलते चारागाह हैं जिसके।
मिलती नदियों की गहरी घाटियाँ जिसके।।



पूरे यूरोप महाद्वीप की शान और पहचान है पर्वत।
मोड़दार चट्टानों से हज़ारों साल में बना यह पर्वत।।

रचना- रजत कमल वार्ष्णेय
(स०अ०)
प्रा० वि० खंजनपुर
इस्लामनगर, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व के प्रमुख पर्वत

11

## मैकाल पर्वत

सतपुड़ा के पूर्व में विस्तृत,
अर्द्धचक्र के रूप में चित्रित।
छत्तीसगढ़ एक प्रान्त में स्थित,
मैकाल नाम का शैल है शोभित।।



अमरकंट के शिखर से हर्षित,
मैकालसुता के प्रेम से पुल्कित।
हरे-भरे वृक्षों से सुसज्जित,
वन-जीवों को करे संरक्षित।।

काली मिट्टी से जो निर्मित,
खनिजों के अल्पांश से पूरित।
जनजाति को किए समाहित,
परहित में ये सदा समर्पित।।

रचना-
अर्चना गुप्ता (स०अ०)
उ० प्र०विद्यालय हाफिजपुर हरकरन
खजुहा, फतेहपुर।




शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व के प्रमुख पर्वत

## 12

# अरावली पर्वत

भारत के पश्चिम में,
राजस्थान में यह पर्वतमाला।
भौगोलिक संरचना में,
सबसे प्राचीन पर्वत माला।।



अवशिष्ट पर्वत का ये है उदाहरण,
भारत और पाकिस्तान में इसका विस्तारण।
गुरु शिखर इसका उच्चतम बिंदु है,
आयु इसकी लगभग 570 मिलियन वर्ष है।।

प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण हैं,
लोनी और बनास का उद्गम है।
अरावली पर्वत के नाम है दो,
पश्चिमी भाग मारवाड़ और पूर्वी  मेवाड़ हो।।




रचना-
आकांक्षा मिश्रा (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय सिकन्दरपुर
सुरसा, हरदोई

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान





# मिशन शिक्षण संवाद

## विश्व के प्रमुख पर्वत

13

## ब्लैक फॉरेस्ट पर्वत

जर्मनी की यह तो शान है,
ब्लैक फॉरेस्ट इसका नाम है।
घने-घने वनों का इसमे जाल है,
शंकु वृक्षों के कारण वनों में अंधकार है।।



ऊँचे-ऊँचे पहाड़ों की इसमें सूची है,
फेल्डबर्ग शिखर की भी चुनौती है।
चीड़ व देवदार के वृक्षों का जाल है,
मानवीय कृत्यों से यह परेशान है।।

लोगों के लिए बिछाया कुटीर उद्योंगों का जाल है,
ब्लैक-फॉरेस्ट मुखौटा यहाँ की शान है।
दुर्लभ जानवरों का यह सुनहरा आवास है,
जर्मनी देश में इसकी जय-जयकार है।।



रचना-
अंजली मिश्रा (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय असनी- 1
भिटौरा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पर्वत

## 14

## कैलाश पर्वत



हिन्द के उत्तर पूर्व में,
विशालकाय एक पर्वत है।
शायद ही कोई अंजान हो इससे,
नाम इसका कैलाश पर्वत है।।

ब्रह्मपुत्र, सतलुज, सिन्धु इत्यादि,
कई प्रमुख नदी निकलती हैं इससे।
इसके पश्चिम में मौजूद है मान सरोवर,
पूर्व में राक्षक ताल और पार्वती सरोवर।।

कैलाश पर्वत का है धार्मिक,
सांस्कृतिक और प्राकृतिक महत्व।
दुनिया के सबसे रहस्मयी,
पर्वतों में से है, पर्वत ये एक।।

पूरे साल बर्फ की चादर  रहती है बिछी,
विराट शिवलिंग की तरह आकृति है इसकी।
6638 मीटर ऊँचाई है इसकी,
हिमालय, पार हिमालय श्रृंखलाएँ हैं इसकी।।




रचना- रीना कुमारी (शिक्षक संकुल)
उ० प्रा० वि० सिसाना (कम्पोजिट)
वि० क्षे० व जनपद- बागपत

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान





# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पर्वत

**15**

## काकेशस पर्वत



यूरोप और एशिया की सीमा पर स्थित है,
एक 5642 मीटर की पर्वत श्रृंखला।
कृष्ण सागर और कैस्पियन सागर के बीच है,
यह कॉकस क्षेत्र की पर्वत श्रृंखला।।

काकेशस पर्वत श्रृंखला मे है एल्ब्रुस पर्वत,
यह यूरोप का है सबसे ऊँचा पर्वत।
सुप्त ज्वालामुखी है यह एक तरह का,
यह महान पर्वत प्लेट विवर्तनिकी से है बना।।



काकेशस पर्वत के दो मुख्य भाग हैं जिन्हें,
महाकॉकस और हीनकॉकस नाम दिया गया।
एतिहासिक रूप से दक्षिण भाग को,
यूरोप एशिया की सीमा कहा गया।।

इस पर्वत श्रृंखला में 5000 मीटर या,
उससे अधिक के कई पहाड़ पडते हैं।
ये बारहमास बर्फ की चादर,
और हिमनदों से ढके रहते हैं।।

रचना- ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना (कम्पोजिट)
वि० क्षे० व जनपद- बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान




शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व के प्रमुख पर्वत

16

## धौलागिरी पर्वत

अप्रतिम सुन्दर है यह पर्वत,
अद्भुत छटा बिखेरे यह पर्वत ।
यह एक पर्वतीय पुंजक है,
नाम जिसका धौलागिरी है ।।



स्थित है नेपाल देश में,
अछूता नहीं हिमालय से।
काली गण्डकी नदी तट,
दूर फैला भेरी नदी तक।।




ऊँचा पर्वत है विश्व का,
सातवां स्थान है जिसका।
8178 मीटर ऊँचा है,
मातृ श्रेणी का यह है।।

गंडक नदी के पश्चिम में,
स्थित है यह पर्वत।
ढकी चोटियाँ रहती बर्फ से,
कहते जिसको श्वेत पर्वत।।



रचना- प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमोली
अमोली, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद






## विश्व के प्रमुख पर्वत

**17**

### ग्रेट डिवाइडिंग रेंज

आस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी पर्वतमाला,
ग्रेट डिवाइडिंग रेंज का अस्तित्व निराला।
पूर्वोत्तर में क्वीनलैंड से परे डाउअन द्वीप,
यह नहीं बसा किसी समुद्र के समीप।।



डाउअन द्वीप से 3500 किमी दूर,
दक्षिण में बसा है न्यू साइड वेल्ज़।
इसे विक्टोरिया राज्यों से जोड़ती है,
आस्ट्रेलियन ग्रेट डिवाइडिंग रेंज।।

दुनिया में यह तीसरा सबसे बड़ा पर्वत,
इससे कई नदियों का होता है उद्भव।
कोजीआस्को सबसे ऊँची है चोटी,
डारलिंग नदी इसी से ही उत्पन्न होती।।

शीत ऋतु में हिम से भर जाती स्नोई पहाड़ी,
यहाँ की विशेष वनस्पति वृक्ष कोणधारी।
हिमपात हुआ जब आए जून-जुलाई,
बर्फ़ पिघल जाती जब बसंत ऋतु है आई।।



रचना-
फ़राह हारून (प्र०अ०)
प्रा० वि० मढ़िया भांसी
सालारपुर, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद




## विश्व के प्रमुख पर्वत

**18**

## नंदा देवी पर्वत

नंदा देवी पर्वत भारत की शान है,
विश्व धरोहर में इसकी अलग ही पहचान है।
दुनिया की 23 वीं सर्वोच्च चोटी कहलाती है,
भारत की दूसरी सर्वोच्च चोटी की पहचान दिलाती है।।



है शिखर हिमालय पर्वत श्रंखला में,
है स्थित भारत के राज्य उत्तराखंड में।
नंदा देवी पर्वत है स्थिर भारत देश में,
यह पूजा जाता देवी शक्ति रुप में।।

7816 मीटर है इसकी ऊँचाई,
ऑक्सीजन की कमी में मुश्किल इसकी चढ़ाई।
घेरे पर्वतीय दीवारें और घिरी चट्टानों से,
70 मील की परिधि फैली सुन्दर उत्तम हरियाली से।।

दोनों ओर है, हिमनद इसके,
पिघल नदी बन जाती है।
पिंडारगंगा है कहते इसको,
जा गिर अलकनंदा में मिल जाती है।।



रचना
नीतू कुमारी (स०अ०)
प्रा० वि० सादातपुर नाचनी
इस्लामनगर, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान





# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पर्वत

## 19

## जाग्रोस पर्वत



ईरान की सबसे बड़ी पर्वतमाला,
जो कहलाती जाग्रोस पर्वतमाला।
पश्चिमोत्तरी ईरान से शुरु होती,
दक्षिण पूर्वी दिशा को जाती।।

1500 कि० मी० लम्बाई पायी,
अन्त में होरमुज जलसन्धि में समायी,
यूरेशियन अरबियन प्लेट टकरायी,
जाग्रोस पर्वत ने अपनी पहचान पायी।।

देना पर्वत, पीला पर्वत सबसे बुलन्द चोटियाँ,
अल्पाइन घास के मैदान, कहीं ऊँची झाड़ियाँ।
जाग्रोस पर्वत की है पर्यावरणीय महत्ता,
यहाँ पायी जाती जैव विविधता।।

कहीं खजूर, साइट्रस और अंगूर उगते,
तो कहीं ओक, एल्म, मेपल के जंगल मिलते।
400 से 800 मि० मी० वर्षा यहाँ होती,
करुण नदी बख्तियारिया, खुजेस्तान से होकर गुजरती।।



रचना
स्मृति परमार (स०अ०)
प्रा० वि० मामूरगंज
कादरचौक, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पर्वत

## 20

## माउंट अनामुंडी पश्चिमी घाट

अनामुंडी पर्वत पश्चिमी घाट की शोभा,
नीलगिरी पहाड़ी का ये स्वरूप अनोखा।
प्रसिद्ध 39 स्थलों में विश्व धरोहर स्थल,
यूनेस्को ने घोषित किया ये अदभुत पटल।।

केरल के इडडुकि जिले में स्थित पश्चिमी घाट,
दक्षिण भारत की सबसे ऊँची चोटी यही है इसके ठाठ।
पश्चिमी-घाट का सह्याद्रि पर्वत इसका संस्कृत नाम है,
वन्य जीवों की रक्षा, प्रतिपल सुरक्षा इसका काम है।।

नीलगिरी की श्रृंखला में है पर्वत अन्नामलाई,
माँ भारती की कीर्ति है जिसने बढ़ाई।
सघन वनों से आच्छादित इसके ज्यादातर हिस्से,
खुशनुमा मौसम के, कहते विचित्र किस्से।।



मानसून में यहाँ भारी बारिश होती,
शीशम, सागौन, साबूदाना, जिसकी होती खेती।
ताप्ती नदी के मुहाने से कुमारी अंतदीप तक फैला,
है इसका विस्तार अद्भुत और अलबेला।।



रचना-
चंचल उपाध्याय (प्र०अ०)
प्रा० वि० कोट
बिसौली, बदायूँ



# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख पर्वत

21

## ऐन्डीज़ पर्वत

दक्षिण अमेरिका पर स्थित,
विश्व की सबसे लम्बी पर्वतमाला।
7000 किमी  लम्बाई और,
200 किमी चौड़ाई से भूखण्ड नापा।।



कोलम्बिया से वेनेजुएला तक,
विश्व के सात देशों से गुजरती।
भूकम्प और ज्वालामुखी से,
हरदम प्रभावित रहती।।

कीतो, बोगोता जैसे शहर बसाती,
टिटिकाका झील भी बहाती।
ऐतिहासिक संस्कृति पनपी इंका,
जिसका विश्व में रहा था डंका।।

अकोंकागुआ विशालतम पर्वत,
इसकी हर पल बढ़ाता शोभा।
आल्टिप्लानो पठार ने भी,
ऐन्डीज़ पर आकर बीच रोपा।।

रचना
दीपिका जैन (स०अ०)
प्रा० वि० बनगवां
सालारपुर, बदायूँ






# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व के प्रमुख पर्वत

**22**

## गोवर्धन पर्वत



पर्वत होते कितने प्यारे,
हरे-भरे पेड़ों से लदे सारे।
ऐसा ही एक पर्वत खास,
आओ जानें इसका इतिहास।।

गोवर्धन है इस पर्वत का नाम,
उत्तर प्रदेश के मथुरा में स्थित।
आठ किमी० लम्बा यह पर्वत,
वृन्दावन से 21 किमी० दूर अवस्थित।।

गिरिराज भी कहते इसको,
राधाकुण्ड से यह शुरु होता है।
गो का मतलब इन्द्रियाँ होता,
वर्धन का अर्थ बढ़ना होता है।।

2018 में बना यह एक तीर्थ स्थान,
इतिहास में कई वंश हुए महान।
यदुवंश, मित्रवंश, दत्तवंश आदि का,
रहा यहाँ पर शासन और गुणगान।।



रचना- श्वेता (स०अ०)
प्रा० वि० सिसाना-2
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान





# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पर्वत

## 23

## एल्ब्रुस पर्वत



विश्व के प्रमुख पर्वत श्रृंखला में
एक नाम है एल्ब्रुस पर्वत।
है एक सुप्त ज्वालामुखी,
जो है कॉकस क्षेत्र में स्थित।।

इसके दो शिखर हैं
पूर्वी और पश्चिम
पश्चिम है ज्यादा ऊँचा
पूर्वी शिखर है उससे कम।।

यूरोप और एशिया की सीमा,
गुज़रती है कॉकस के इलाक़े में
विवाद है इस बात पर,
कि एल्ब्रुस यूरोप में है या एशिया में।।



रचना- हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़

# मिशन शिक्षण संवाद

## विश्व के प्रमुख पर्वत

### रचनाकारों की सूची

01- नैमिष शर्मा, मथुरा
02- जितेन्द्र कुमार, बागपत
03- शहनाज़ बानो, चित्रकूट
04- पूनम गुप्ता, अलीगढ़
05- सुधांशु श्रीवास्तव, फतेहपुर
06- सीमा मिश्रा, फतेहपुर
07- शिखा वर्मा, सीतापुर
08- सुमन पांडेय, फतेहपुर
09- उषा देवी, फतेहपुर
10- रजत कमल वार्ष्णेय, बदायूँ
11- अर्चना गुप्ता, फतेहपुर
12- आकांक्षा मिश्रा, हरदोई
13- अंजली मिश्रा, फतेहपुर
14- रीना कुमारी, बागपत
15- ज्योति सागर, बागपत
16- प्रतिमा उमराव, फतेहपुर
17- फ़राह हारून, बदायूँ
18- नीतू कुमारी, बदायूँ
19- स्मृति परमार, बदायूँ
20- चंचल उपाध्याय, बदायूँ
21- दीपिका जैन, बदायूँ
22- श्वेता, बागपत
23- हेमलता गुप्ता, अलीगढ़

तकनीकी सहयोग- आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद

मार्गदर्शन:- राज कुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलनः- मिशन शिक्षण संवाद